बेटियां सशक्त होंगी तभी देश मजबूत होगा: शालू जिन्दल

जेएसपीएल फाउंडेशन भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में 100 साल पुराने गर्ल्स इंटर कॉलेज के जीर्णोद्धार में सहयोग करेगा, स्कूल भवन के भूमिपूजन में बेटियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने का आह्वान

रायगढ़। जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा है कि बेटियां सशक्त होंगी तभी हमारा देश भारत मजबूत होगा। श्रीमती जिन्दल कल भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में 1914 में स्थापित श्री किशोरी रमन गर्ल्स इंटर कॉलेज के नए भवन के भूमि पूजन समारोह में ऑनलाइन अपने विचार प्रकट कर रही थीं। जेएसपीएल फाउंडेशन इस इंटर कॉलेज के भवन के जीर्णोद्धार में सहयोग करेगा। ओपी जिन्दल ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन ओपी जिन्दल के बताए मार्ग पर चलकर जेएसपीएल चेयरमैन नवीन जिन्दल के समर्थन और सहयोग से बेटियों की उत्तम शिक्षा के लिए फाउंडेशन ने यह अनूठी पहल की है।

श्रीमती जिन्दल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति समाज के लिए कुछ न कुछ अच्छा करने का प्रयास करता रहता है। उनकी भी एक अभिलाषा है कि वह देश की बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास करें। बेटियां राष्ट्र निर्माण में सर्वश्रेष्ठ योगदान कर सकती हैं। बृज शिक्षा कायाकल्प के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के 500 से अधिक स्कूलों में शैक्षिक सुविधाओं के विकास में योगदान कर रही यह संस्था हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रीमती जिन्दल ने कहा कि लड़कों की तरह लड़कियों के भी सपने होते हैं। वे सीखना चाहती हैं, सपने पूरे करना चाहती हैं, अपनी क्षमता दिखाना चाहती हैं, काम करके परिवार की मददगार भी बनना चाहती हैं और इस तरह समाज निर्माण में भी योगदान करना चाहती हैं। यूनिसेफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी बेटियों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाएं तो देश की तस्वीर में खुशहाली और संपन्नता का रंग घुल जाएगा। खुशी की बात यह है कि अब युग बदल रहा है। हम सभी को पूरे समर्पण से बेटियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना



चाहिए। शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है, जो बेटियों को सशक्त बना सकती है। उन्होंने कहा कि एक साक्षर लड़की सदैव अपने भाइयों-बहनों, पड़ोसियों को शिक्षित करने का प्रयास करेगी; इससे एक नई चेतना आएगी, जो कुशलता को बढ़ावा देगी और रोजगार के अनगिनत अवसर भी पैदा करेगी। इसलिए हमें आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करने के लिए बेटियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया में और तेजी लानी होगी।

बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य

1914 में स्थापित श्री किशोरी रमन बालिका इंटर कॉलेज बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न-मध्यवर्गीय परिवारों की बेटियों के भविष्य निर्माण के लिए यह इंटर कॉलेज प्रयासरत है। जेएसपीएल फाउंडेशन ने इसके जीर्ण-शीर्ण भवन को नया रूप देने में सहयोग की पहल की है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त लगभग 30 हजार वर्गफुट में यह भवन तैयार होगा जो भूकंप रोधी भी होगा। स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। तीन मंजिला नए भवन में लगभग 5000 बेटियों को दो पालियों में उत्तम शिक्षा दी जाएगी। वास्तु को ध्यान



3D View of the Proposed New Building

में रखते हुए स्कूल भवन का निर्माण इस तरह किया जाएगा कि बच्चियों को सूर्य का प्रकाश और स्वच्छ वायु सदैव मिले। यह स्कूल स्थानीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार का माध्यम भी बनेगा। इस भवन के डिजायन और तकनीकी सहयोग का दायित्व जेएसपीएल-आर्किटेक्चर कंस्ट्रक्शन और जेआरएल, सोनीपत उठाएगा।

उम्मीद है कि एक साल में यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर मथुरा के जिलाधिकारी सर्वज्ञ राम मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर, एसडीएम क्रांति शेखर, सामाजिक कार्यकर्ता प्रियल भारद्वाज और अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

ग्रामीण परिवेश और कमजोर परिवार सशक्त बने

गौरतलब है कि जेएसपीएल फाउंडेशन श्रीमती शालू जिन्दल के नेतृत्व और नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में महिला सशक्तीकरण और बाल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का सपना है कि खासकर ग्रामीण परिवेश और कमजोर परिवार सशक्त बनें और राष्ट्र निर्माण में योगदान करें। श्रीमती जिन्दल के प्रयासों से देश में अनेक शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना हुई है, जो शिक्षा के क्षेत्र में अनुपम योगदान कर रहे हैं। इनमें ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी-सोनीपत, ओपी जिन्दल यूनिवर्सिटी-रायगढ़, जिन्दल इंस्टीट्यूट ऑफ पावर टेक्नोलॉजी-तमनार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में संचालित ओपी जिन्दल स्कूल और ओपी जिन्दल कम्युनिटी कॉलेज प्रमुख हैं। इसके अलावा जेएसपीएल फाउंडेशन अनेक स्थानों पर स्कूलों को अध्ययन सामग्री, छात्रवृत्ति समेत अनेक बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया करा रहा है। श्रीमती जिन्दल की प्रेरणा से स्थापित जिन्दल आर्ट इंस्टीट्यूट (जय) भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं कला का विश्व स्तर पर प्रचार एवं विस्तार कर रहा है।

श्रीमती जिन्दल ने इस अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना की कि नया साल कोविड-19 महामारी से मुक्त हो। हमारा भारत और पूरी दुनिया पुनः स्वस्थ और सुरक्षित हो।